संजय मेधावी
कुलसचिव
Sanjay Medhavi
Registrar

लखनऊ विश्वविद्यालय
(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)
लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)
Lucknow-226007 (U.P.) India

Ref. ..............................

Date..............................

सेवा में,

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
सेक्टर–एम, आशियाना,
लखनऊ।

**विषय : लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त लखीमपुर, हरदोई, सीतापुर एवं रायबरेली जिले के महाविद्यालयों के शिक्षकों की प्रोन्नति समिति लखनऊ में कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अध्यक्ष एवं महामंत्री, लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) के पत्र दिनांक 12.01.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा संदर्भित जनपदों में स्थित सहयुक्त अशासकीय/राजकीय महाविद्यालयों में नियमित शिक्षकों की प्रोन्नति समिति लखनऊ जनपद में स्थित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कराये जाने का आग्रह किया गया है। यह भी अवगत कराया गया है कि पूर्व में यह महाविद्यालय जब सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय कानपुर से सम्बद्ध थे तो इनकी समितियां कानपुर में ही करायी जाती थीं।

अतः अध्यक्ष एवं महामंत्री, लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) के पत्र दिनांक 12.01.2023 की मूलप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए आपसे अपेक्षा है कि सामान्य सुविधाओं के दृष्टिगत संदर्भित समितियां अपने कार्यालय में सम्पन्न कराने हेतु समुचित कार्यवाही/सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

(संजय मेधावी)
कुलसचिव

संख्या : AF-1387-91 दिनांक : 18/1/23

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. प्राचार्य, सहयुक्त समस्त अशासकीय सहायता प्राप्त एवं राजकीय महाविद्यालय (हरदोई, रायबरेली, खीरी एवं सीतापुर)।
3. इंचार्ज, वेबसाईट को इस आशय से प्रेषित कि समस्त अशासकीय/राजकीय सहयुक्त (हरदोई, रायबरेली, खीरी एवं सीतापुर) महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. डॉ0 मनोज पाण्डेय, अध्यक्ष–लुआक्टा, पं0 श्री जय नारायण पी0जी0 कालेज, चारबाग, लखनऊ।
5. गार्ड फाईल।

18-1-23
कुलसचिव

...ow University Associated College Teacher's Association (LUACTA)
...खनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा)

...0 मनोज पाण्डेय, अध्यक्ष
...ी विभाग,
...नरायण पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, लखनऊ
...ाइल: 9415494777, 9415066192
...ल: drmanojpandeylko@gmail.com

डॉ0 अंशु केडिया, महामंत्री
समाजशात्र विभाग
ए0पी0सेन मेमो0 गर्ल्स महाविद्यालय, लखनऊ
दूरभाष: 0522–4002671
मोबाइल: 9415755051
ईमेल: akedia43@yahoo.in

सेवा में

कुलसचिव
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ

दिनांक 12.01.23

विषय:-- लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त लखीमपुर हरदोई सीतापुर रायबरेली जिले के महाविद्यालयों के शिक्षकों की प्रोन्नति की कमेटी लखनऊ में कराये जाने के सम्बंध में

महोदय

आप अवगत है कि वर्तमान में लखनऊ विश्वविद्यालय से लखनऊ जिले के अतिरिक्त चार जिलों के महाविद्यालयो को भी सहयुक्तता प्रदान की गई है । लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त इन महाविद्यालयो के शिक्षकों की प्रोन्नति की कमेटी हेतु विषय विशेषज्ञ मा कुलपति जी द्वारा नामित किये जाते हैंए जिनमे कुछ विशेषज्ञ लखनऊ के अतिरिक्त अन्य विश्वविद्यालय से नामित होते हैं । सुदूर एवं सामान्य सुबिधाओं का अभाव होने के कारण विषय अधिसंख्य विशेषज्ञों द्वारा वहां जाने से इनकार कर दिया जाता है। जिससे शिक्षको की प्रोन्नति मे परेशानियों का सामना करना पड़ता है । पूर्व ये सभी महाविद्यालय छत्रपति शाहू जी महाराज कानपुर विश्वविद्यालय से सहयुक्त थे एवं इन महाविद्यालय के शिक्षकों को प्रोन्नति कमेटी की बैठक कानपुर में सम्पन्न होती थी । वर्तमान में इन महाविद्यालय के शिक्षकों की परेशानियों के दृष्टिगत लखनऊ के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में कराये जाने का आदेश प्रदान किया जाना उचित होगा ।

अतः आप से आग्रह है कि लखीमपुर हरदोई सीतापुर एवं रायबरेली जिले से सहयुक्त महाविद्यालयो की प्रोन्नति कमेटी की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में कराये जाने का निर्देशित करने का कष्ट करे । संघ आपका आभारी रहेगा ।

सादर

भवदीय

डा मनोज पांडेय

डा अंशु केडिया

S(AF)
12-1-23